+भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न सं. 359
गुरूवार, 3 अप्रैल, 2025/13 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

मालेगढ़ ऐतिहासिक पर्यटन स्थल

359 श्री मिशन रंजन दास:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार असम के श्रीभूमि जिले में स्थित ऐतिहासिक पर्यटन स्थल मालेगढ़ के विकास के लिए धनराशि आवंटित करने पर विचार करेगी; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री मिशन रंजन दास द्वारा मालेगढ़ ऐतिहासिक पर्यटन स्थल के संबंध में दिनांक 03.04.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 359 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

(क) और (ख): पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन, संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से असम सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों का विकास करके और उन्हें बढ़ावा देकर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से असम राज्य सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

भारत सरकार ने प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास के लिए पूंजी निवेश हेतु राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) के दिशानिर्देशों के तहत असम में दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

पर्यटन मंत्रालय की उपरोक्त योजनाओं के तहत असम राज्य के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

मंत्रालय द्वारा विकास के लिए शुरू की गई परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और उनके द्वारा परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करने, संबंधित योजना दिशानिर्देशों का पालन करने, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने और धन की उपलब्धता के अधीन उन्हें मंजूरी दी जाती है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा मालेगढ़ स्मारक स्थल पर अवसंरचना और पर्यटक सुविधाओं के सृजन को समर्थन प्रदान किया गया था। हाल ही में असम के श्रीभूमि जिले में एतिहासिक पर्यटन स्थल मालेगढ़ के विकास से संबंधित कोई विशिष्ट प्रस्ताव असम सरकार से प्राप्त नहीं हुआ है।

*****

अनुबंध

श्री मिशन रंजन दास द्वारा मालेगढ़ ऐतिहासिक पर्यटन स्थल के संबंध में दिनांक 03.04.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 359 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

असम राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	परिपथ	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1	वन्यजीव परिपथ	2015-16	मनस- प्रोबिटोरा- नामेरी- काजीरंगा- डिब्रू-सैखोवा का विकास	94.68
2	विरासत परिपथ	2016-17	तेजपुर-माजुली-शिवसागर का विकास	90.98

असम राज्य के लिए स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	गंतव्य	एक्सपीरियंस का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)	स्वीकृति की तिथि
1	कोकराझार	कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस	26.67	05-03-2024
2	जोरहाट	सिन्नामारा चाय बागान की पुनर्कल्पना	23.91	05-03-2024

असम राज्य के लिए पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना)- वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)	स्वीकृति की तिथि
1	गुवाहाटी में असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान	97.12	26-11-2024
2	शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण	94.76	26-11-2024

असम राज्य के लिए प्रशाद के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में)
1	कामाख्या मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2015-16	29.80

असम राज्य के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	परियोजना का नाम	एजेंसी	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1	राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 1 एवं 2 पर रिवर क्रूज पर चढ़ने/उतरने के 9 मुख्य बिंदुओं पर जेट्टी का विकास	आईडब्ल्यूएआई	2020-21	28.03
2	कामाख्या रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	2018-19	4.96
3	गुवाहाटी रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	2018-19	4.99

*****